तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री

न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 2 जुलाई 2026



12 रात्रि ठहराव कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं आमजन...





12 वीबी-ग्रामजी कानून के विरोध में कलायत में...




## हल्की बूंदाबांदी से बढ़ी उमस, आमजन परेशान, बारिश की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में मंगलवार रात को हलकी बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया वहीं बुधवार को हुई हलकी बूंदाबांदी ने भी उमस बढा दी। जिससे लोगों को परेशानी हुई। हालांकि हवा चलती रही लेकिन उसम से लोगों के पसीने नही सूख रहे थे। बिजली की बढ़ती मांग के चलते बिजली संकट का असर केवल शहर तक सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। रात के समय रोजाना तीन से चार बार अघोषित बिजली कट लगाए जा रहे हैं। शहर में दिन के समय में अघोषित कट लगते हैं जिससे शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल की तुलना में इस बार बिजली की खपत करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। पिछली बार जहां इन दिनों में बिजली खपत 105.93 थी तो इस बार यह आंकड़ा 129.27 लाख यूनिट पर पहुंच गया है। कई कॉलोनियों और गांवों में तो स्थिति यह है कि लगातार कई.कई घंटे तक बिजली गुल रह रही है। खासकर रात के समय बिजली कटौती के कारण लोगों को गर्मी और मच्छरों के बीच परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिजली कटौती और बार-बार आने वाले फॉल्ट के चलते शिकायतों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। बिजली निगम के पास प्रतिदिन औसतन 150-200 शिकायतें ऑनलाइन और ऑफलाइन दर्ज हो रही हैं। निगम की टीमें इन शिकायतों के समाधान के लिए लगातार काम कर रही हैं लेकिन बढ़ती मांग और तकनीकी दिक्कतों के कारण राहत मिलने में समय लग रहा है। बिजली निगम के एसई विनोद पूनिया ने बताया कि टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।



जींद। बूंदाबांदी के चलते खेत में दिखाई देती हरियाली।

### बीते वर्ष व इस वर्ष बिजली की खपत

| तारीख | 2025 | 2026 |
|---|---|---|
| 20 जून | 90.29 | 92.45 |
| 21 जून | 92.06 | 97.74 |
| 22 जून | 103.36 | 91.08 |
| 23 जून | 98.81 | 101.57 |
| 24 जून | 95.73 | 105.61 |
| 25 जून | 95.33 | 108.51 |
| 26 जून | 94.59 | 113.68 |
| 27 जून | 103.57 | 111.53 |
| 28 जून | 111.43 | 121.09 |
| 29 जून | 112.95 | 125.11 |
| 30 जून | 108.93 | 129.27 |
| कुल | 1107.05 | 1197.64 |
| औसत | 100.64 | 108.88 |

### धान रोपाई कार्य में आई तेजी, किसानों के चेहरे पर खुशी



कैथल। क्षेत्र में बुधवार को हल्की बूंदाबांदी के साथ मौसम सुहावना हो गया, जिससे पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान लोगों को काफी राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था, लेकिन मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों के चेहरों पर सुकून नजर आया। वहीं, धान की फसल लगाने में जुटे मजदूरों और किसानों को भी इस ठंडे मौसम से काफी राहत मिली है। तेज धूप और उमस के कारण जो कार्य प्रभावित हो रहा था, वह अब फिर से गति पकड़ने लगा है। किसानों ने बताया कि मौसम अनुकूल होने के कारण धान की रोपाई का कार्य अब तेज कर दिया गया है, जिससे फसल समय पर तैयार होने की उम्मीद बढ़ गई है।

### बीमार बुजुर्गों को सैंपल के लिए जाना पड़ रहा सीढ़ियों से ऊपर-नीचे

## जिला अस्पताल में मानवाधिकारों का उल्लंघन, दो को कारण बताओ नोटिस

गर्मी में पंखों से चलाया जा रहा काम, कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश, अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होना भी मानवाधिकारों का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बुधवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मानिटर बाल कृष्ण गोयल औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां विशेष मानिटर बाल कृष्ण गोयल ने एक-एक कर खामियों को अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया। विशेष मानिटर बाल कृष्ण गोयल ने निरीक्षण के बाद कहा कि नागरिक अस्पताल में मानव अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसके लिए सिविल सर्जन से बातचीत की है ताकि भविष्य में ऐसा नहीं हो। उन्होंने कहा कि वह इसकी रिपोर्ट बना कर राज्य सरकार व स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक को भेजेंगे। किसी भी सूरत में मानव अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। मानव अधिकारों की रक्षा करना आयोग का काम है। इसके लिए समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया जाता है। बाल कृष्ण गोयल ने नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, आइपीडी, रजिस्ट्रेशन खिड़की, दवाई खिड़की, गायनी वार्ड के साथ-साथ सभी विभागों का निरीक्षण किया। आइपीडी में दाखिल मरीजों का हाल देखकर गोयल ने कहा कि यहां पर पहले से ही मरीज हैं, ऊपर से इतनी गर्मी में पंखें गर्म हवा फेंक रहे हैं। इतनी गर्मी में यह लोग और ज्यादा बीमार हो जाएंगे। गोयल ने कहा कि यह एक प्रकार से मानवाधिकारों का उल्लंघन है। इस पर सिविल सर्जन ने कहा कि वार्डों में कूलर का इंतजाम करवा दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एक वृद्ध मरिज जो वार्ड में दाखिल था। जो बहुत ही गंभीर हालत में था। जिसको उसके परिवार वाले नीचे व्हीलचेयर पर टेस्ट करवाने के लिए आए हुए थे। जिसको देखकर विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने आदेश दिया कि जब यह मरीज दाखिल है तो सभी टेस्ट बेड पर क्यों नहीं हो रहे हैं। उन्होंने आगे से किसी भी मरीज को टेस्ट करवाने के लिए नीचे नहीं लाने के आदेश दिए। इसको लेकर नर्सिंग स्टाफ कविता देवी तथा किरण देवी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया।



जींद। रजिस्टर में जांच करते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मानिटर बाल कृष्ण गोयल। फोटो : हरिभूमि

### रिपोर्ट बना करआयोग के अध्यक्ष को सौंपेंगे : गोयल

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मानिटर बाल कृष्ण गोयल ने कहा कि जिले में दो दिन कई स्थानों पर निरीक्षण किया है। एक-एक प्वायंट की रिपोर्ट बनाकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। अध्यक्ष इसे राज्य सरकार का भेजेंगे। उम्मीद है जल्द ही सुधार हो जाएगा। अस्पताल में भी काफी कमियां मिली हैं, जहां मानव अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

### सुझाव पेटी का कोई रजिस्टर लगा नही मिला

निरीक्षण के दौरान नागरिक अस्पताल में सुझाव पेटी का कोई रजिस्टर नहीं लगाया हुआ पाया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. सुमन कोहली कोहली साथ में नहीं थी। जिस पर विशेष मॉनिटर बालकृष्ण सीएमओ कार्यालय पहुंचे तो वहां पर सीएमओ अपने कार्यालय में बैठी हुई पाई गई। जिस कारण विशेष मॉनिटर बाल कृष्ण नाराज हो गए और बोले कि निरीक्षण के दौरान आप साथ में क्यों नहीं आए। जिस पर सीएमओ ने कहा कि मेरे को पता नहीं चला कि आप कब आ गए। वहीं छोटे बच्चों के जाली वाले पालने लगाने का आदेश दिया है।

### तीन साल से नहीं मिला कर्मचारी को वेतन

नागरिक अस्पताल में स्थित वन स्टाप सेंटर में कार्यरत मोतीलाल नामक एक कर्मचारी ने कहा कि उसे तीन साल से सेलरी नहीं मिली है। इस पर बाल कृष्ण गोयल ने कहा कि यह मानवाधिकारों का बड़ा उल्लंघन है। किसी व्यक्ति को तीन साल से वेतन नहीं मिलनाए उसे मानसिक व शारीरिक पीड़ा देता है। गोयल इसके लिए डीसी डा. वैशाली शर्मा से फोन पर बातचीत करके मामले को देखने के लिए कहा।

### अल्ट्रासाउंड नहीं मिलना मानवाधिकारों का उल्लंघन

बाल कृष्ण गोयल ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिलना भी मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यहां अल्ट्रसाउंड मशीन होने के बावजूद सुविधा नहीं मिलना गलत है। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने कहा कि उन्होंने रेडियोलाजिस्ट की मांग के लिए कई बार स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक को पत्र लिखे हैं। इस पर गोयल ने तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक से बात की और जल्द अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट उपलब्ध करवाने को कहा। वहीं अस्पताल में मौजूद एक चिकित्सक को यह काम सीखने के लिए भी कहा।

## मांगों को लेकर सड़कों पर कर्मचारी, जमकर नारेबाजी




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

- जॉब सिक्योरटी सहित अन्य मांगों पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय मजदूर संघ हरियाणा की प्रदेश कार्य समिति के आह्वान पर बुधवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर शहर में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पहुंच कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री नायब सैनी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राममेहर जांगड़ा ने की।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री जितेंद्र वत्स ने कहा कि गुरुग्राम में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने स्वयं श्रमिकों को आश्वासन दिया था कि 15 जून तक सभी पात्र कर्मचारियों का रोजगार सुरक्षा अधिनियम के तहत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षित कर दी जाएगी। परंतु ऐसा नहीं हुआ है। सरकार ने श्रमिकों की पंचायत में किए गए वादे की वादा खिलाफी की है और सरकार ने अब सेवा, सुरक्षा देने की तिथि को 15 अगस्त कर दिया। इसके अलावा भारतीय मजदूर संघ ने सरकार को अपना मांग पत्र भेजे काफी समय हो गया है। परंतु उसे पर कोई आधिकारिक बैठक सरकार ने दी। जिससे श्रमिकों की मांगों में समस्याओं का वार्ता से समाधान हो सके। इससे प्रदेश के कर्मचारी श्रमिक में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि सेवा व सुरक्षा कानून का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को देने, शेष आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में पोर्ट करना, कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने, समान कार्य, समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी तथा अन्य लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन में स्वास्थ्य, शिक्षा, जनस्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, कंप्यूटर प्रोफेशनल, सहकारिता, शहरी निकाय, भवन निर्माण के श्रमिकों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। 26 अप्रैल 2026 को की गई घोषणाओं के बावजूद पात्र कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ और नियुक्ति पत्र अभी तक नहीं मिले हैं। इस मौके पर सुभाष शर्मा, योगेश, मुकेश भट्ट, नवनीत योगी, सुनील मेहरा, बलजीत सिंह, चंद्रशेखर सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मालगाडी की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी की मौत

**कैथल।** गांव टीक के पास रेलवे ट्रैक पर ड्यूटी दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक रेलवे कर्मी की मौत हो गई। मृतक कर्मचारी की पहचान यूपी के रायबरेली निवासी श्याम कुमार (50) के रूप में हुई है। हादसा गांव टीक रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर दूर हुआ। जीआरपी चौकी इंचार्ज कर्ण सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच अनुसार श्याम कुमार रेलवे ट्रैक पर निरीक्षण और रखरखाव संबंधी कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया। कर्ण सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले में इतेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग से अपहरण कर दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जीरो एफआई आर टोहाना पुलिस को भेजा है। सिविल लाइन थाना इलाके की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जून को यतिन उसकी नाबालिग बेटी को झांसें में देकर अपने साथ टोहाना ले गया। जहां पर आरोपित ने उसके साथ तीन दिन तक दुष्कर्म किया।

### मकान में चोरी, दो पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव निर्जन मकान से चोरी करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निर्जन हाल पीडब्लयूडी कालोनी निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भाभी कार्यवश परिवार समेत बाहर गई हुई थी। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर कीमती सामान को चोरी कर लिया। संजय ने आरोप लगाया कि ललित तथा राजकुमार ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पाई सहकारी समिति में डीएपी की भारी किल्लत

**पाई।** धान की रोपाई के पीक सीजन में पाई सहकारी समिति में डीएपी खाद की भारी किल्लत हो गई है। खाद न मिलने से नाराज किसानों ने रोष जताया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई, करतारा राम, दिलबाग, सुभाष और संजय ने बताया कि धान की फसल के लिए यह खाद सबसे महत्वपूर्ण है। इस समय पौधों को पोषक तत्वों की सख्त जरूरत होती है। सोसाइटी में डीएपी उपलब्ध न होने के कारण कई किसानों को मजबूरी में बिना खाद के ही धान की रोपाई करनी पड़ रही है। इससे धान का उत्पादन कम होगा और किसानों की लागत और मेहनत दोनों पर पानी फिरने की आशंका है। ऊपर से आश्वासन मिला है कि अगले एक से दो दिनों के भीतर सोसाइटी में डीएपी खाद पहुंच जाएगा।

### 72 किलो डोडा के साथ मुख्य सप्लायर काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने 72 किलोग्राम डोडापोस्त की बरामदगी मामले में फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि 20 अगस्त 2022 को सूचना मिली थी कि गांव फुलिया कलां निवासी गुरमेल व बलराम नशीले पदार्थों का कारोबार करते हैं। पुलिस ने डयूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी ली तो उनसे कुछ बरामद नहीं हुआ। जब कार में पिछली सीट पर रखे चार कट्टों की तलाशी ली तो उसमें डोडा पोस्त भरा पाया गया।

### हाइड्रोजन ट्रेन का रोहतक रूट पर सफल ट्रायल

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन का लगातार ट्रायल किया जा रहा है। बुधवार को रोहतक रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल किया गया। इसमें से एक चक्कर जींद से चक्कर किलाजफरगढ़ तक था और दूसरा चक्कर जींद से रोहतक के बीच लगाया। इसमें से जींद से रोहतक तक किए गए ट्रायल में ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली। वहीं दूसरे चक्कर में 115 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से लगाया गया। इससे पहले चार बार हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल जींद-सोनीपत-दिल्ली के बीच हो चुका है। जिसमें हाइड्रोजन ट्रेन की स्पीड 75 और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रायल की गई है। अब ट्रेन के हाई स्पीड टेस्ट के दौरान बारीकी से सभी पहलुओं पर नजर बनाई जा रही है। आगामी एक सप्ताह तक ट्रेन का लगातार ट्रायल होने की संभावना है। अगर ट्रायल के दौरान सब कुछ सही रहा तो जल्द ही ट्रेन ट्रैक पर लौट सकती है। गौरतलब है कि पहले दिन शुक्रवार को ट्रेन को दिल्ली सब्जी मंडी ले जाया गया। वहां सब्जी मंडी और सोनीपत के बीच 85 से 120 के बीच अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल किया गया। वहीं शनिवार को दूसरे दिन सोनीपत दिल्ली सब्जी मंडी के बीच चार चक्कर लगाए गए। इस दौरान ट्रेन को 80, 100 और 120 की अलग-अलग स्पीड मानकों पर ट्रायल किया गया। वहीं रविवार को तीसरे दिन जींद से खरैंटी के बीच 120 की स्पीड से दौड़ाया गया। इसके बाद सोमवार को चौथे दिन ट्रेन का बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया गया।



### पुलिस सुरक्षा के लिए खुद करवाई थी 2 करोड़ की फिरौती मांगने की कॉल

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में एक जेवलर्स से 2 करोड़ रूपये की फिरौती मांगने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को सफलतापूर्वक सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की फतेहपुर पूंडरी निवासी रवि वर्मा ने पुलिस अधीक्षक कैथल को 16 जून को एक शिकायत दी की उसकी पूंडरी में लवली जेवलर्स के नाम से दुकान है। 13 जून को उसके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल की मार्फत जान से मारने की धमकी दी गई तथा 2 करोड़ रूपये की फिरौती की मांग की गई। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा तुरंत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट को आदेश दिए गए की जल्द से जल्द मामले को सॉल्व करके आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस टीम द्वारा इस मामले में साइबर सैल की सहायता से तकनीकी एवं तथ्यात्मक जांच करवाई गई। जांच में यह सामने आया कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप असत्य थे।



### सीएम फ्लाईंग ने अवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा,3.32 लाख लगाया जुर्माना

**जींद।** सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को आरटीए विभाग के साथ नेशनल हाईवे 152डी पर ओवरलोड वाहनों पर शिकजा कसते हुए छह गाडियों को इम्पाउंड कर तीन लाख 32 हजार का जुर्माना लगाया। वहीं दूसरी टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ नरवाना मे अवैध रूप से भंडारण किए घरेलू गैस के 14 सिलेंडर बरामद किए हैं। सीएम फ्लाइंग ने दोनों स्थानों की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई संबंधित विभागों द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि नेशनल हाइवे 152डी से ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक रोहताश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें उप निरीक्षक बिजेंद्र तथा पवन कुमार को शामिल किया गया। जबकि आरटीए विभाग के निरीक्षक सनी को टीम मे शामिल किया गया। संयुक्त टीम ने पिल्लूखेड़ा के निकट नेशनल हाइवे 152डी पर लोड वाहनों की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान छह गाडियां ओवरलोड पाई गई। जिन्हें आरटीए विभाग इंम्पाउड कर लिया। टीम ने ओवरलोड गाडियों को तीन लाख 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### उपायुक्त ने परीक्षा की तैयारियों के लिए ली अधिकारियों की बैठक

## 4 व 5 को होगा एचटेट, 9943 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी जिला उपायुक्तों को परीक्षा संचालन पर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल/जींद

जींद की डीसी डॉ वैशाली शर्मा व कैथल की डीसी अपराजिता ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 4 व 5 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 को जिले में पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नकल रहित ढंग से संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिले में 17 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां कुल 9,943 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व पूरी गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में एचटेट परीक्षा तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों को परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध धारा-223 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए

### ये बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा -2026 के लिए जिला में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें आरकेएसडी कॉलेज में 4 परीक्षा केंद्र, डॉ. बी आर अंबेडकर कॉलेज में 2, ओएसडीएवी स्कूल में 2, आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में 2, आईजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 2, जाट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जाट कॉलेज, अखिल भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राधा कृष्णन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इंडस पब्लिक स्कूल में एक-एक परीक्षा केंद्र शामिल हैं। एसपी मनप्रीत सूदन ने भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश जारी किए। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जींद में 22 जगह केंद्र 12874 देंगे परीक्षा

उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिले में एचटेट परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 12,874 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षित एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमीट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पूर्व पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अलग-अलग हादसों में तीन की मौत, दो गंभीर

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव लखमीरवाला निवासी सौरभ तथा उसका छोटा भाई तरूण शहर से गांव की तरफ जा रहे थे। पशुओं की भिड़ंत से बचने के लिए दोनों बाइक आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों बाइकों पर तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां पर चिकित्सकों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। जबकि शुभम को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। गांव बढनपुर निवासी कृष्ण को गांव सुंदरपुरा के निकट के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। गांव ललितखेड़ा के निकट नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने कंटेनर को टक्कर मार दी। जिसमें कंटेनर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव पर किया जागरूक

**कैथल।** साइबर क्राईम थाना एसएचओ एसआई रणदीप सिंह की अगुवाई में एएसआई विनोद कुमार व एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा प्रूडेंस लाइब्रेरी कैथल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधो बारे जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर क्राइम टीम ने बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे।

### शशि रंजन परमार ने किया महाविद्यालय का दौरा

**पुंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में पूर्व विधायक शशि रंजन परमार का गरिमामय आगमन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा निजी सहायता प्राप्त कॉलेज कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी तेजवीर सिंह ने उनका स्वागत करते हुए शिष्टाचार भेंट की। कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं ने हरियाणा के प्रख्यात शिक्षाविद, समाज सुधारक, पूंडरी हल्के के निर्माता तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. चौ. ईश्वर सिंह को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इसके उपरांत चौ. तेजवीर सिंह और शशि रंजन परमार के बीच हरियाणा में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति,से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### सुआ से हत्या के मामले में 2 किशोर किए निरूध

**कैथल।** गांव प्योदा में एक व्यक्ति की सुआ मारकर हत्या करने के मामले में थाना तितरम पुलिस द्वारा 2 किशोरों को निरुद्ध कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव प्योदा निवासी अजय की शिकायत अनुसार वह मेहनत-मजदूरी करता है। 27 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने चाचा 40 वर्षीय राममेहर और अन्य परिजनों के साथ घर के बाहर बैठा था। इस दौरान गांव का सुमित वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। कुछ देर बाद फिर सुमित, सागर, अंकित, दीपक, रोबिन, दर्शन और विक्रम फिर से वहां लौटे और उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन दोनों को सरकारी अस्पताल कैथल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसके चाचा को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसका उपचार चल रहा है।

### खेत से तार चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** खेतों से केबल चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीवन निवासी यशपाल सिंह की शिकायत अनुसार 28 जनवरी की रात अज्ञात चोर उसके खेत में लगे सबमर्सीबल से करीब 280 फुट केवल चोरी कर ले गए। मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव पहाड़पुर निवासी श्रवण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मकान से चोरी करने के मामले में 2 आरोपी काबू

**कैथल।**एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई शीशपाल की टीम द्वारा गांव टटियाना निवासी गुरजीत सिंह व गांव कल्लर माजरा निवासी सुल्तान सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सैर निवासी हरि सिंह की शिकायत अनुसार उनकी पुत्री दलजीत कौर की शादी ककराला अनायत, डेरा दारा सिंह निवासी हरजीत सिंह के साथ हुई है। हरजीत सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कई वर्षों से जर्मनी में रहते हैं।

## विधायक ने 25 करोड़ से बने 42 अमृत सरोवरों का किया उद्घाटन

# स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता: देवेंद्र अत्री

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेशभर में लगभग 222 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से तैयार 325 अमृत सरोवरों का वीसी से किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। अमृत सरोवर का उद्घाटन करते हुए विधायक देवेंद्र अत्री और सीएम नायब सैनी का लाइव कार्यक्रम देखते हुए उचाना विधायक व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास के संकल्प को तेजी से साकार कर रही है। सरकार का उद्देश्य गांव से लेकर शहर तक प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री बुधवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित जिला स्तरीय अमृत सरोवर प्लस उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इससे पहले नारायणगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र की सात महत्वपूर्ण परियोजनाओं के साथ-साथ प्रदेशभर में लगभग 222 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से तैयार 325 अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर विधायक ने जिले में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 42 अमृत सरोवरों का उद्घाटन किया। विधायक ने बताया कि जिले में 42 अमृत सरोवरों में जुलाना विधानसभा क्षेत्र के 14, जींद विधानसभा क्षेत्र के तीन, नरवाना विधानसभा क्षेत्र के आठ, उचाना विधानसभा क्षेत्र के 12 तथा सफीदों विधानसभा क्षेत्र के पांच अमृत सरोवर शामिल हैं। इन परियोजनाओं से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलेगी। तालाबों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण से गांवों का पर्यावरण भी बेहतर होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण संभव हो सकेगा।

### अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण की पहल

विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास को केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नही रख रही बल्कि जनकल्याण को केंद्र में रख कर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आधुनिक आधारभूत ढांचे के निर्माण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर प्लस योजना जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन सरोवरों से वर्षा जल का संचयन होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढूल, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, डा. राज सैनी, मोहित शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज विभाग तथा अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल अधीक्षक से सेवानिवृत सत्यवान का भव्य स्वागत



कैथल। सेवानिवृति पर जेल अधीक्षक सत्यवान अपने परिजनों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रोहतक के जेल अधीक्षक पद से सेवानिवृत होकर लौटे सत्यवान का उनके पैतृक गांव कौलेखां में जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। बता दें कि कैथल जिले के गांव कोलेखां में 3 जून 1968 को जन्मे सत्यवान ने 1984 में एचपीएससी के पूर्व चेयरमैन डा. मेहर सिंह सैनी के अस्पताल में बतौर कंपाउंडर कार्य किया। उन्होंने नवंबर 1987 में हरियाणा रोडवेज कैथल में लिपिक के रूप में अपनी सरकारी सेवा शुरू की। इसके बाद वे जेल विभाग में आए और अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा उत्कृष्ट कार्यशैली के दम पर पदोन्नति प्राप्त करते हुए जेल अधीक्षक के पद तक पहुंचे। उन्होंने अपनी सेवाओं का समापन सुनारिया जेल, रोहतक के जेल अधीक्षक के रूप में किया। अपने जीवन में संघर्ष, मेहनत और ईमानदारी के बल पर सफलता की नई मिसाल कायम की। उनकी धर्मपत्नी सावित्री ने भी अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कोरोना के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए उनका नाम सरकार द्वारा राष्ट्रपति अवार्ड के लिए भी भेजा गया था। उन्होंने वर्ष 1989 में डीसी कार्यालय, कैथल में क्लर्क के रूप में सेवा शुरू की और पदोन्नति प्राप्त करते हुए राजस्व अधीक्षक (सुपरिंटेंडेंट) के पद तक पहुंचीं। वे 30 अप्रैल 2025 को सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हुईं।

### सत्यवान-सावित्री की जोड़ी रही बेमिसाल

दोनों ने अपने-अपने विभागों में ईमानदारी, मेहनत और समर्पण के साथ सेवाएं दीं तथा समाज के लिए प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी सफल कार्यशैली और पारिवारिक जीवन ने यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प और परिश्रम से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। सत्यवान और सावित्री का परिवार भी संस्कारों और उपलब्धियों का प्रतीक है। उनकी तीन पुत्रियां हैं, जिनका विवाह हो चुका है। उन्होंने बेटियों को बेटा समझा तथा उनको ऊंची तालिम दिलाई। परिवार के सहयोग और मूल्यों ने उनकी सफलता की इस यात्रा को और भी गौरवशाली बनाया।

# गोगामेड़ी के पास खतरनाक गड्ढे, हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



नगर के कैथल रोड पर स्थित गोगामेड़ी के पास सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे अब दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क बेहद खतरनाक साबित हो रही है। आए दिन बाइक और स्कूटी सवार इन गड्ढों की वजह से संतुलन खोकर गिर रहे हैं । ग्रामीणों के अनुसार, इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है।



### पुलिस विभाग से तीन कर्मचारियों को दी विदाई पार्टी

**कैथल।** पुलिस विभाग में शानदार सेवाएं देने उपरांत पुलिस विभाग से रिटायर्ड होने वाले 3 कर्मचारियों को पुलिस लाइन में आयोजित समारोह के दौरान एसपी मनप्रीत सिंह सूदन, डीएसपी बीर भान तथा डीएसपी रमेश चंद्र द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रिटायरमेंट होने वाले कर्मचारियों में इंस्पेक्टर चंद्रभान, एसआई हरपाल, एचसी पाला राम शामिल है। इस दौरान एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पुलिस विभाग में नौकरी दौरान समय-समय पर विषम परिस्थितियां आती रहती है, जिनसे निपटते हुए विभाग को लंबी सेवा देने उपरांत सकुशल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व में पुलिस विभाग से रिटायर हो चुके कर्मचारियों सहित अन्य पुलिस कर्मचारी तथा अधिकारी मौजूद रहे।

# कसान में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' को लेकर हुई जागरूकता बैठक

- अभियान का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव को खत्म करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। बैठक में उपस्थित सुपरवाइजर सावित्री देवी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।

गांव कसान के सुदेश के आंगनवाड़ी केंद्र में कसान सर्कल की महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सावित्री देवी के मार्गदर्शन में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी ने अभियान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में बालिकाओं के अस्तित्व, उनकी सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। सावित्री देवी ने राजौंद की स्वर्ण पदक विजेता शगनदीप का उदाहरण देते हुए बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं, इसलिए अभिभावकों को बेटियों की शिक्षा और विकास में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए।



### गुहणा पहुंचा आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल

**कैथल।** "आदित्य सुरजेवाला चलता फिरता अस्पताल" गांव गुहणा में पहुंचा। इस निःशुल्क मेडिकल वैन के माध्यम से कॉलोनिवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस निःशुल्क मेडिकल शिविर में डॉ. साहिल और व स्टाफ नर्स कविता सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जांच की। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉक्टरों के साथ सहयोगी तौर पर श्याम सैनी और रजत ने भी दवाइयां वितरण में सहयोग किया। प्रताप चहल, सतबीर चहल, सतबीर शर्मा, राजेन्द्र रुहल, मास्टर रामफल, सुमित शर्मा, लाभ सिंह, फूल कुमार, रूप चंद, दलीप सिंह, सुनीता लोगों ने इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बाहर निजी क्लीनिकों या अस्पतालों में जांच व दवाइयों पर सैकड़ों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन आदित्य सुरजेवाला के इस शिविर में पर्ची और दवाइयों का एक भी पैसा नहीं लिया गया।

# स्कूल खुले, मौसम ने ली अंगड़ाई गर्मी से राहत,बच्चों में खुशी की लहर

- विद्यार्थियों की चहल-पहल से गुलजार हुए स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति के बाद बुधवार को जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय पुनः विद्यार्थियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठे। संयोग से विद्यालय खुलने के पहले ही दिन मौसम भी सुहावना हो गया। इंद्र देव की कृपा से हुई हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने भीषण गर्मी से राहत दिलाई। जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया। एफएलएन के जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि अवकाश के बाद विद्यालयों में बच्चों का आत्मीय वातावरण में स्वागत किया गया। अध्यापकों ने विद्यार्थियों का बच्चों के पहले दिन को यादगार बनाया गया। बारिश की हलकी फुहारों ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। विद्यालय परिसर में बच्चों की खिलखिलाहट, मित्रों से मिलन की खुशी और कक्षाओं में लौटने का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### बुधवार को 40 दिन ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल, पहले दिन रही कम हाजिरी



**पुंडरी।** बुधवार को लगभग 40 दिनों के लंबे अवकाश के बाद क्षेत्र के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूल खुल गए। स्कूल खुलने के पहले दिन विद्यार्थियों में उत्साह तो देखने को मिला, लेकिन हाजिरी अपेक्षाकृत कम रही। सुबह निर्धारित समय पर बच्चे स्कूल पहुंचे, परंतु कई स्कूलों में उपस्थिति 40 प्रतिशत के आसपास ही दर्ज की गई।प्राध्यापक आनंद कुमार ने बताया कि लंबे अवकाश के चलते कई बच्चे अभी तक पूरी तरह से स्कूल की दिनचर्या में नहीं लौट पाए हैं, जिसके कारण पहले दिन उपस्थिति कम रही। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बच्चों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है और जल्द ही स्कूलों में सामान्य स्थिति बन जाएगी। उदर निजी स्कूल प्रबंधको ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपने बच्चों को समय पर स्कूल भेजें, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।पहले दिन कक्षाओं में हल्की-फुल्की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अनुशासन और नियमितता के महत्व के बारे में भी बताया गया। लंबे अंतराल के बाद अपने दोस्तों और शिक्षकों से मिलकर बच्चों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला।

## राजकीय कॉलेज राजौंद में एसआईआर के तहत मनाई पोस्टर प्रदर्शनी

# छात्रों को घर-घर गणना अभियान पर किया जागरूक

कार्यक्रम में एसआईआर-2026 में सहयोग करें, लोकतंत्र को सशक्त बनाए के संदेश पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर)-2026 अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय राजौंद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मतदाता जागरूकता विषय पर आकर्षक और संदेशपरक पोस्टर तैयार किए तथा लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रोहताश के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को घर-घर गणना अभियान (15 जून से 14 जुलाई 2026), मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और अपने विवरणों का सत्यापन करने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की विभिन्न गतिविधियों, मतदाता हेल्पलाइन 1950, मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया तथा मतदान के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान "मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें — आपका वोट, आपकी आवाज़, आपका अधिकार" और "एसआईआर-2026 में सहयोग करें, लोकतंत्र को सशक्त बनाएं" जैसे संदेशों से जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। युवा मतदाता क्लब के संयोजक राम मेहर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।




### समय सीमा से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पूरा करने वाले बीएलओ कृष्ण कुमार सम्मानित

**जींद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षणअभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करते हुए बूथ संख्या 221 पर कार्यरत बीएलओ कृष्ण कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 14 जुलाई से पहले ही अपने बूथ का संपूर्ण पुनरीक्षण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर जिले में मिसाल कायम की। बीएलओ कृष्ण कुमार की कार्यनिष्ठा, समयबद्धता और उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए बुधवार को डीसी डा. वैशाली शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य पूरी पारदर्शिता, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ समय पर पूरा करना प्रत्येक बीएलओ का दायित्व है। कृष्ण कुमार ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित किया है कि निर्धारित समय से पहले भी गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जा सकता है। डीसी डा. वैशाली शर्मा नेआह्वान किया कि वे बीएलओ कृष्ण कुमार से प्रेरणा लेकर अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

**खबर संक्षेप**

### जमीनी विवाद में तीन घायल, केस दर्ज

**कैथल।** पूंडरी में खरीदी गई कृषि भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया। खेत मालिक की शिकायत पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ खेत में जबरन घुसकर झगड़ा करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। शिकायत में विवेक कुमार ने बताया कि उन्होंने फरवरी 2026 में गांव पाई निवासी रीना देवी से 11 कनाल 12 मरला कृषि भूमि खरीदी थी। भूमि की रजिस्ट्री पत्नी आरती के नाम पर है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई युवती

**कैथल।** तितरम थाना क्षेत्र से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से अपनी बुआ के घर पास के गांव में रहती थी। करीब एक माह पहले वह अपने घर आई हुई थी। 29 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे वह घर से निकली, जिसके बाद वापस नहीं लौटी।

### पति तथा सास को पीटा पत्नी समेत चार नामजद

**जींद।** विकास नगर में मां व बेटे के साथ मारपीट करने तथा घर से कीमती सामान ले जाने पर शहर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अक्षय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह पत्नी अंजली को दो माह पहले लाया था। गत दिवस वह घर पहुंचा तो उसकी मां के साथ उसकी पत्नी तथा उसके मायके वाले मारपीट कर रहे थे। जब उसने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की।

### ललितखेड़ा में दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**जींद।** गांव ललितखेड़ा में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ललितखेड़ा निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर आठ हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने सुमित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वीबी जीरामजी कानून लागू होने से रोजगार की गारंटी कमजोर होगी

# मनरेगा मजदूरों ने कानून के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन, प्रतियां भी फूंकीं



जींद। कानून की प्रतियां जलाते हुए मजदूर। फोटो : हरिभूमि

सरकार पर मनरेगा कानून को और अधिक मजबूत करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव जलालपुर कलां में मनरेगा मजदूरों ने वीबी रामजी कानून के विरोध में उसकी प्रतियां प्रतीकात्मक रूप से जला कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध करते हुए सरकार से मनरेगा को पहले से अधिक मजबूत बनाने की मांग की। इस अवसर पर मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा के नेता राजेश कुमार तथा सीटू नेता पवन कुमार ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, भूमिहीन मजदूरों और महिलाओं के लिए आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है। उनका आरोप है कि वीबी जी राम जी कानून लागू होने से मनरेगा के तहत मिलने वाले रोजगार की कानूनी गारंटी कमजोर होगी और रोजगार बजट आधारित व्यवस्था पर निर्भर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में राज्य सरकारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जिससे रोजगार के दिनों में कटौती होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि नई प्रणाली में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रक्रियाओं को अनिवार्य किए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं अकुशल मजदूरों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे बड़ी संख्या में पात्र मजदूर रोजगार से वंचित हो सकते हैं। मजदूरों को मांग के अनुसार काम नहीं मिल रहा और कई स्थानों पर मजदूरी का भुगतान भी समय पर नहीं किया जाता। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच वर्तमान मजदूरी से परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर जयपाल, मीना, सोमपाल, रुमन, रीना, गुलाबो सहित बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की समस्याएं नहीं हुई हल

■ पांच को रामपुरा हाउस पर रोष प्रदर्शन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बहु उद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने आगामी पांच जुलाई के प्रस्तावित रोष प्रदर्शन हेतु बिगुल बजा दिया है। एसोसिएशन के राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू, जिला प्रधान प्रदीप लाठर एवं सचिव गुरनाम ने पोलियो कार्यक्रम के बाद बताया कि प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री को मांगो के हल बारे निवेदन किया जा चुका है लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। जिससे प्रदेश भर में कर्मचारियों में सरकार एवं विभाग की ढुलमुल रवैये के खिलाफ रोष है जो कि बड़े आंदोलन का रूप भी ले सकता है। जनहित में पोलियो कार्यक्रम के चलते तीन दिन के लिए रोका गया था। जिसे अब पुनः तेज करते हुए कर्मचारियों को आंदोलन के लिए प्रेरित किया जाएगा। एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को मांगों के हल बारे चौथा स्मरण पत्र भी भेजा गया है। एसोसिएशन के राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि एसोसिएशन सदैव वार्ता से मांगों के हल बारे पक्षधर रही है। यदि सरकार द्वारा समय रहते मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो प्रदेश का एमपीएचडब्ल्यू वर्ग लिए गए फैसले से पीछे नहीं हटेगा ओर आगामी पांच जुलाई को प्रदेश के आठ हजार महिला एवं पुरुष कर्मचारी रेवाड़ी के रामपुरा हाउस आवास पर विशाल रोष प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएशन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों की लंबित मांगों की अनदेखी की जा रही है। एनएचएम में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू को माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार पॉलिसी बनाते हुए नियमित करने, कैडर के मूल वेतनमान एफपीएल 6 का लाभ देंगे। एमसीएच ड्रेस एवं यात्रा भत्ते का लाभ, सेवानिवृत्ति उपरांत लाभ प्रदान करने सहित तबादला नीति बनाने सहित अनेक मांगे लंबित हैं लेकिन कोई कदम न उठाने से कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है।

# मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश छू रहा नई ऊंचाइयां



गुहला–चीका। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण के कार्य का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ गांव चाणचक व हेमू माजरा में अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण कार्य का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश के हर युवा, किसान, बुजुर्गों तथा महिलाओं तक सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। आमजन के हित के लिए प्रत्येक दिन सरकार नई-नई योजनाओं को लागू कर रही है। जिससे प्रदेश के लोग काफी संतुष्ट है। बुधवार को पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय चीका के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर पंचायत विभाग के अधिकारियों तथा हल्के के दर्जनों जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने चाणचक गांव में 28 लाख रुपये की धनराशि से मारकंड़ा डिस्ट्रीब्यूटर के पास बने अमृत सरोवर (तालाब) तथा गांव हेंमू माजरा में 9 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि से मंदिर के पास बने अमृत सरोवर (तालाब) के सौंदर्यीकरण के कार्यों का उद्घाटन किया।

**ये रहे मौजूद**

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीणों की मांगों के मद्देनजर तालाबों का सौंदर्यीकरण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि गुहला हल्के में करोड़ों रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाएं जा रहे है। गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे है। हल्का गुहला में आमजन की सुविधा के लिए जल आपूर्ति, जल निकासी, सड़कों व गलियों के निमार्ण कार्य आदि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चीका चैयरपर्सन सुखविंद्र कौर, एसडीओ अश्वनी साहनी, जगतार सिंह माजरी, जेई राजेश व कुलदीप, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, हिमांशु शर्मा, सरपंच गगन, तरसेम, सुरजीत सिंह, लखविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवाओं की मदद से नशामुक्त बनेगा समाज

■ प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षणार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। शिवानी पांचाल प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित करते हुए।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को करनाल रोड स्थित नए रेडक्रॉस भवन प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणाधीन आईएएस अधिकारी शिवानी पांचाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्राथमिक चिकित्सा एवं गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। शिवानी पांचाल ने प्रशिक्षणार्थियों को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं कभी किसी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।


**अभियान चलाएं युवा**

उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। युवाओं को नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान का हिस्सा बनना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उप अधीक्षक पवन कुमार, डॉ. बीरबल दलाल, लेखाकार रामपाल तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी का स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाजपा की गलत नीतियों कि वजह से जल संकट झेल रहा प्रदेश : रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि कि इनेलो हमेशा हरियाणा के जल अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ता रहा है और राज्य के यमुना जल में उसके वैधानिक हिस्से पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगा। बीजेपी ने जो हरियाणा और राजस्थान के बीच जल समझौता किया है इसका इनेलो विरोध करेगा। यमुना का पानी राजस्थान को देने से यमुनानगर, करनाल, पानीपत , सोनीपत, पलवल और फरीदाबाद जिले पानी न मिलने से सूख जाएंगे और फसलें बर्बाद हो जाएंगी। माजरा सेक्टर-20 अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ जिलाध्यक्ष अनिल तंवर भी रहे।



कैथल। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा तथा जिलाध्यक्ष अनिल तंवर पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

रामपाल माजरा ने कहा कि एसवाईएल नहर का निर्माण भी सर्वोच्च न्यायालय के तीन बार फैसले के बावजूद अधूरा है, जिससे हरियाणा को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। 1994 में कांग्रेस ने यह फैसला कुर्सी बचाने के लिए किया था, बीजेपी ने उसी समझौते को ज्यों का त्यों लागू कर दिया। केंद्र सरकार ने जो यमुना पानी का समझौता किया है, राजस्थान को ताजेवाला हैड से पानी दिया जाएगा। इसके लिए 33 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। ताजेवाला हैड से लेकर चुरू तक 295 किलोमीटर अंडरग्राऊंड पाइप बिछानी पड़ेगी।

# सहकारिता ग्रामीण विकास तथा आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम

■ सहकारिता सप्ताह के दौरान ग्राम क्योड़क में लगा सहकारिता चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सहकारिता सप्ताह के अवसर पर कैथल सहकारी चीनी मिल व कृषि विभाग के सहयोग से गांव क्योड़क में सहकारिता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों एवं किसानों को सहकारिता से संबंधित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं तथा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। शुगर मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास, आर्थिक सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने किसानों एवं ग्रामीणों से सहकारी संस्थाओं से अधिक से अधिक जुड़कर योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की हुई है जिससे सैकड़ों किसान लाभान्वित हो रहे हैं। चौपाल के दौरान कृषि विभाग से गन्ना विकास अधिकारी सुशील कुमार व दिनेश कुमार ने ग्रामीणों एवं किसानों को सहकारी समितियों की भूमिका, कृषि ऋण, फसल ऋण, बचत योजनाओं तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# कृत्रिम पैर लगते ही दौड़ पड़ी उम्मीद की गाड़ी

■ दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र कैथल में 8 दिव्यांगजनों को लगाए गए नि :शुल्क कृत्रिम पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र, कैथल में आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर में 8 दिव्यांग बंधुओं को आधुनिक कृत्रिम पैर लगाए गए। कृत्रिम पैर प्राप्त करते ही लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी, आत्मविश्वास और नई उम्मीद साफ दिखाई दी। कई दिव्यांगजन पहली बार बिना सहारे सहज रूप से चलते नजर आए। शिविर का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब आया जब कुछ दिव्यांग साथियों ने कृत्रिम पैर लगने के तुरंत बाद पैर से बाल खेलकर सभी को अपनी क्षमता का परिचय दिया। वहीं एक अन्य लाभार्थी ने भावुक होकर कहा, अब मैं दोबारा अपने खेत में काम कर सकूंगा और अपने परिवार का सहारा बन सकूंगा। यह सुनकर उपस्थित लोगों की आंखें भी नम हो गईं। राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने कहा, कृत्रिम अंग केवल शरीर का सहारा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का नया आधार हैं।





**सहयोग का आह्वान**

शाखा सचिव डॉ. नरेश गर्ग ने कहा कि नारायण सेवा केंद्र निरंतर दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से इस सेवा अभियान में सहयोग देने का भी आह्वान किया। डॉ. दया गुप्ता ने कहा, मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। जब कोई दिव्यांग भाई-बहन कृत्रिम अंग लगने के बाद अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मविश्वास के साथ मुस्कुराता है, तो वही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। कार्यक्रम में डॉ. दया गुप्ता, जयप्रकाश गर्ग, जितेंद्र बंसल एवं पंकज शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कैथल। अवैध असले सहित काबू किया गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

# अवैध देशी कट्टा सहित आरोपी काबू

**कैथल।** अपराध शाखा कलायत की टीम ने एक आरोपी को अवैध देशी कट्टा 315 बोर सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की अपराध शाखा कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई एचसी बलराज सिंह व सिपाही मन्दीप सिंह की टीम को गश्त दौरान सूचना मिली की गांव खटकड़ जिला जींद निवासी प्रिंस गांव प्यौदा से तितरम रोड पर स्थित बिजली बोर्ड के पास किसी व्हीकल के इंतजार में खड़ा हैं जिसको उक्त स्थान पर दबिश देकर अवैध देशी कट्टा सहित काबू किया जा सकता है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव प्यौदा से तितरम रोड़ पर स्थित बिजली बोर्ड के पास दबिश देकर संदिग्ध युवक द्वारा पुलिस को देखकर वापिस मुड़कर भागने का प्रयास किया गया, जिसे सतर्क पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया।

## जिला नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण कार्य का किया उद्घाटन

# विकसित भारत के संकल्प पूर्ति में हरियाणा की भूमिका अहम

*जीर्णोद्धार कार्य पर खर्च होंगे 9.31 करोड़ रुपये*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। सरकार द्वारा प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। विकसित हरियाणा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अंबाला के नारायणगढ़ से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। जिसमें कैथल के जिला अस्पताल में हुए 9.31 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन किया गया है। इसके साथ-साथ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा करते हुए दो एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की सुविधा भी दी है। जिससे जिले वासियों का जरूरत के समय में राहत मिल सकेगी। विधायक सतपाल जांबा बुधवार को लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के अंतर्गत लगभग 9.31 करोड़ रुपये की लागत से जिला नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



कैथल। विधायक सतपाल जांबा तथा पूर्व विधायक लीला राम जिला नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण के शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**तेजी से हो रहा प्रदेश का विकास**

पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा करते हुए 9 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से जिला नागरिक अस्पताल के सौंदर्यीकरण में वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनेक विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश को चमकाने का कार्य किया जा रहा है। कैथल-करनाल रोड पर सांपनखेड़ी गांव में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की धनराशि से भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# अमृत सरोवर जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की मजबूत नींव: सतपाल जांबा

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशभर में 325 अमृत सरोवरों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अंबाला के नारायणगढ़ से प्रदेशभर में विकसित 325 अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया गया। इसमें जिले के 9 अमृत सरोवर भी शामिल रहे। इसी क्रम में पूंडरी, गुहला तथा कलायत में कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उनके विधानसभा में आने वाले दो अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया। उनके साथ पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन एडवोकेट अशोक सिरसी, जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में सात महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिनमें अमृत सरोवरों का लोकार्पण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की मजबूत नींव हैं। इसलिए सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

**खबर संक्षेप**

### पांच को भिवानी में मनाई जाएगी कबीर दास जयंती

**जींद।** आगामी पांच जुलाई को भिवानी में संत शिरोमणि कबीर दास महाराज की जयंती का आयोजन किया जाएगा। जयंती समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कबीर धानक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व जिला पार्षद अजीत सिंह बामला करेंगे। यह जानकारी धानक जनकल्याण मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं संत कबीर जयंती के मीडिया प्रभारी संदीप खरकिया ने दी। उन्होंने बताया भिवानी के पंचायत घर में कबीर जयंती का आयोजन किया जाएगा।

### तस्करी मामले में दो वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** जींद में अवैध गतिविधियों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गढ़ी पुलिस ने गांजा तस्करी मामले में दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना गढ़ी प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि थाना गढी में दर्ज मुकद्मा के तहत गांजा तस्करी मामले में दो आरोपी राम व दर्शन को एक किलो 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था।

### लायंस क्लब जींद सिटी का लायनिस्टिक वर्ष शुरू

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी ने लायनिस्टिक वर्ष 2026दृ27 का शुभारंभ नंदीशाला में गौवंश को हरा चारा डाल कर की। चार्टर प्रेसिडेंट सुरेश जिंदल ने बताया कि प्रेसिडेंट लायन विकास मित्तल को प्रधान पद दिया गया है और हर साल लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा गौ माता की सेवा की जाती हैं। इस मौके पर वीपी गर्ग, बीएस गर्ग, दिनेश गर्ग, नवीन गुप्ता, सुनील जैन, हरिमोहन, महेश गुप्ता, नवीन गर्ग, दीपक अग्रवाल, जय भगवान सिंगला आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा सरकार का ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को बड़ा तोहफा

# वेतन में 2100 की बढ़ोत्तरी मिलेंगे 18,100: कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि राज्य सरकार ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए उनके वेतन में 2100 रुपये की बढ़ोतरी की है। अब ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 16 हजार रुपये की बजाय 18 हजार एक सौ रुपये माहवार मिलेंगे। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही उनकी वेतन वृद्धि की लम्बे समय से चल रही मांग भी पूरी हुई है। कर्मचारियों को बढ़ा हुआ यह वेतन 1 जुलाई 2026 से ही मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने इस ऐतिहासिक फैसले के लिए



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित के फैसले लेने के लिए प्रतिबद्ध है और यह निर्णय भी उसी सोच का परिणाम है। इस फैसले से कर्मचारियों में भी खुशी का माहौल है । उन्होंने राज्य सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है।

### वेतन में वृद्धि ऐतिहासिक : भारत भूषण टाक



**जींद।** हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन भारत भूषण टाक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के मासिक वेतन में 2100 की ऐतिहासिक वृद्धि किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल वेतन वृद्धि नही बल्कि समाज के मेहनतकश और उपेक्षित वर्गों के सम्मान का ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि उसके लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहींए बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सामान पहुंचाने का संकल्प है। भारत भूषण टाक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लगभग 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से किया गया अपना वायदा समय पर पूरा किया है। अब ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 16 हजार के स्थान पर 18 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। जो 1 जुलाई 2026 से लागू होगा। यह निर्णय हजारों परिवारों के जीवन में आर्थिक मजबूती और सामाजिक सम्मान का नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तथा पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया था कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# वीबी-ग्रामजी कानून के विरोध में कलायत में मजदूरों ने किया प्रदर्शन




कलायत। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते मनरेगा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

- यूनियन ने पूरे वर्ष रोजगार की गारंटी देने व वीबी-ग्रामजी योजना को रद्द करने की मांग उठाई

कलायत खंड के गांव रामगढ़ पांडवा में क्रांतिकारी मनरेगा मजदूर यूनियन के बैनर तले वीबी-ग्रामजी कानून के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान 1 जुलाई से लागू वीबी-ग्रामजी कानून की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यूनियन ने पूरे वर्ष रोजगार की कानूनी गारंटी देने व वीबी-ग्रामजी योजना को रद्द करने की मांग उठाई। यूनियन की तरफ से कलायत बीडीपीओ रीतू शर्मा को मजदूरों की मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

यूनियन सदस्य अजय ने कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण गरीबों के अधिकारों से जुड़े लगभग दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त कर उसकी जगह विकसित भारत-गारंटी रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) लागू कर दिया है। उनके अनुसार यह केवल नाम बदलने का मामला नहीं है बल्कि ग्रामीण मजदूरों के काम के अधिकार को कमजोर करने की कोशिश है।

रामगढ़ की मनरेगा मजदूर उर्मिला, संतोष और कमलेश ने बताया कि नए कानून के अनुसार खेती के मौसम में 60 दिनों तक काम बंद रहने से परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो जाता है। पहले ही मनरेगा के तहत बहुत कम काम मिलता है। यदि अब 60 दिनों तक भी काम नहीं मिलेगा तो बच्चों का पालन-पोषण कैसे होगा? महंगाई लगातार बढ़ रही है और गैस सिलेंडर भी महंगा हो चुका है। अनिल सिमला ने बताया कि देश में भगत सिंह जन अधिकार यात्रा लगातार शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और महंगाई पर लगाम लगाने के मुद्दों को लेकर जन अभियान चला रही है। यात्रा भी मनरेगा मजदूरों की मांगों का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मनरेगा कानून भी अपने आप में अधूरा है। मांग है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पूरे वर्ष रोजगार का कानूनी अधिकार मिले व ग्रामीण परिवारों के लिए 365 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी सुनिश्चित की जाए।

### कार्यशाला में बच्चों ने सीखे संगीत व नृत्य के गुर



**जींद।** हरियाणा कला परिषद और संगम म्यूजिक डांस अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में संगीत और नृत्य कार्यशाला का आयोजन 15 जून से 30 जून तक संगम म्यूजिक डांस अकेडमी में किया गया। जिसमें 30 प्रतिभागियों ने संगीत और नृत्य के गुर सीखे। इस कार्यशाला के निर्देशक महाबीर सिंह और महेश कुमार नृत्य सहयोगी और जगदीश चंद्र हारमोनियम सहयोगी रहे। कार्यशाला के समापन अवसर पर डा. हनीफ भट्टी रंगकर्मी ने अध्यक्षता की और बताया कि सभी कलाएं मनुष्य के जीवन को सुगम, सरल, मनोरंजक और आनंददायक बनाती है और समाज में जागृति पैदा करती है। समाजसेवी नवीन कुमार दहिया कार्यक्रम में मुख्यअतिथि रहे और बताया कि कलाएं मानुष के अवचेतन मन को आलोकित करती हैं। मनुष्य की भीतर से सुंदर बनाती हैं। सभी कला प्रशिक्षकों ने संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर किरण गिल, रमेश सैनी भी मौजूद रहे।

# यशस्वी छात्रवृत्ति योजना से जरूरतमंद विद्यार्थियों के सपनों को मिली नई उड़ान : कुलवंत बाजीगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

सांसद नवीन जिंदल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में संचालित 'नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना' के प्रचार-प्रसार एवं विस्तार को लेकर मंगलवार को गुहला स्थित पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर के कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योजना की पात्रता, उद्देश्य एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान दी है। यह योजना उन छात्र-छात्राओं के लिए उम्मीद की किरण साबित हो रही है, जो आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई महसूस करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से क्षेत्र के अनेक विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे और वे देश व समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण प्रभावित न हो।

**न्यूज डायरी**

### डीबीके इंटरनेशनल स्कूल में मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस



**नरवाना।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर डीबीके इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने में चिकित्सकों द्वारा दिए जा रहे अमूल्य योगदान के प्रति अपनी कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. वीरेंद्र कुंडू, वरिष्ठ चिकित्सक, नंदिनी हॉस्पिटल, नरवाना रहे। विद्यालय पहुंचने पर उनका विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

### पेयजल योजनाओं को मिली 8.66 करोड़ की स्वीकृति



**जुलाना।** जुलाना विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की पांच बड़ी पेयजल परियोजनाओं को लगभग 8.66 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन परियोजनाओं में निडानी, झमोला, खरेंटी तथा मेहरड़ा गांवों की जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के ठोस कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर जुलाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे हरियाणा सरकार में समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा का आभार व्यक्त किया।

### डीएन मॉडल स्कूल में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैलीग्राफी, कार्ड मेकिंग एवं स्पीच प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की मेहनतए रचनात्मक सोच और शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की गई। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालेविद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर उनके प्रयासों को सम्मानित किया।

### सरकार नगर पालिका, सीवर व फायर के कर्मचारियों के हितों के साथ कर रही वादाखिलाफी : शिवचरण



**कैथल।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद कैथल के कर्मचारियों ने 13 मई को हुए समझौते को लागू ना करने और वायदा खिलाफी के विरोध मे नगर परिषद कैथल के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। कर्मचारियों ने भाग लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

# लायंस क्लब कैथल सेंट्रल का पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन



सीवन। पौधरोपण करते लायंस क्लब कैथल सेंट्रल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वन महोत्सव के अवसर पर लायंस क्लब कैथल सेंट्रल द्वारा सीवन क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया गया। क्लब के सदस्यों ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए तथा विद्यार्थियों और आम नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

अभियान के तहत योगेश्वर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, परम ज्योति नर्सिंग स्कूल, गीता एस.डी. पब्लिक स्कूल तथा एस.एस. बाल सदन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की।

कार्यक्रम में जोनल चेयरमैन प्रवेश बंसल, उपप्रधान अशोक गुलाटी, सह सचिव धूप सिंह, डॉ. विनय गंभीर, अनिल मुटरेजा, हरीश सीकरी तथा सुदीप मलिक आदि उपस्थित रहे।

### एफटीए लागू हुआ तो देश में किया जाएगा बड़ा आंदोलन

**ढांड।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की जिला कमेटी की बैठक ढांड कार्यालय में जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य कामरेड बाबूराम ने कहा कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता छोटे किसानों, खेत मजदूरों और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए घातक साबित होगा। यदि केंद्र सरकार इस समझौते पर हस्ताक्षर करती है तो संगठन अगले ही दिन देशभर में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि 25 जून को चंडीगढ़ में विभिन्न किसान संगठनों की बैठक में भारत-अमेरिका के विरोध में संयुक्त संघर्ष का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा किसान हितों से जुड़े सभी संगठनों की एकजुटता का समर्थन करता है और किसानों के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में 10 अगस्त को प्रस्तावित विरोध दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया गया।




नरवाना। श्री श्याम मित्र मंडल ने लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील।

### श्याम मित्र मंडल नरवाना ने लगाई नींबू पानी की छबील, राहगीरों ने गर्मी में पाया शीतल आनंद

**नरवाना।** श्याम मित्र मंडल, नरवाना द्वारा आज त्रिवेणी चैक, हुड्डा मार्किट, रेलवे रोड पर राहगीरों के लिए नींबू पानी की छबील लगाई गई। भयंकर गर्मी और तेज धूप में शीतल नींबू पानी पीकर लोगों ने राहत की सांस ली। संस्था के श्याम सेवक दीपक सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि जल सेवा ही जन सेवा है के भाव से निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में यह छबील लगाई गई। उन्होंने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में ठंडा पानी पीकर लोगों को जो आनंद मिला, वही हमारी सेवा का सच्चा फल है। श्याम सेवक गौतम गर्ग एवं अशोक गोयल ने कहा कि श्याम मित्र मंडल के सभी सदस्य बाबा श्याम के दीवाने हैं और निरंतर उनकी सेवा में लगे रहते हैं। आज की तपती धूप में राहगीरों को नींबू पानी पिलाकर सभी सेवकों को परम आनंद की अनुभूति हुई। नींबू पानी की संपूर्ण व्यवस्था चिराग गर्ग द्वारा देखी गई। इस सेवा कार्य में रजत गर्ग, सौरभ गर्ग, विकास सिंगला, अंकित सिंगला, मनीष सिंगला, रजत बंसल, विशाल, आशीष, अनुराग गर्ग, ऋषभ गर्ग, मोहित, गर्वित सिंगला सहित अनेक श्याम सेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राहगीरों को प्रेमपूर्वक जल पिलाया। सैकड़ों राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों ने छबील का लाभ उठाया और श्याम मित्र मंडल के इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

### ईमानदार ठेकेदार सरकार की मुहिम का दें साथ: सतपाल जांबा



**पूंडरी।** बिजली ठेकेदारों के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि यदि कोई ठेकेदार पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है तो उसे प्रदर्शन करने या किसी प्रकार का भय रखने की आवश्यकता नहीं है। सरकार की कार्रवाई किसी ईमानदार व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कुछ ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण व्यवस्था बदनाम हुई है और आम लोगों का विश्वास भी प्रभावित हुआ है। भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सरकार को कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। प्रदेश सरकार इसी दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि जो लोग ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, वे सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में आगे आकर सहयोग करें। यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि भ्रष्ट व्यवस्था को समाप्त करने के लिए है। ईमानदार लोगों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने से पहले ही उन्होंने संकल्प लिया था कि न स्वयं भ्रष्टाचार करेंगे और न किसी को करने देंगे। जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनका दायित्व है। जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर निरंतर कार्य जारी रहेगा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## गांव रोहड़ में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शपथ के साथ शुरू हुआ रात्रि ठहराव कार्यक्रम

# रात्रि ठहराव कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं आमजन के बीच संवाद एवं समस्याओं के समाधान का बेहतर मंच: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। जिसमें ग्रामीणों को सीधे जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों से संवाद करने का बेहतरीन अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन साधारण से उनके घर द्वार जाकर जनसमस्याएं जानना, समझना और उनका यथासंभव समाधान करना है।

डीसी डा. वैशाली शर्मा मंगलवा रात सफीदों उपमंडल के गांव रोहड में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान जन समस्याएं सुन रही थी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा शिकायतें एवं जनसमस्याएं प्राप्त हुई। इनमें से अधिकतर का मौके पर निपटारा किया गया। डीसी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जन्म से पूर्व लिंग जांच को रोकने की शपथ भी दिलाई तथा गांव की चार बेटियों का केक काट कर जन्म दिन भी मनाया गया। रात्रि ठहराव के दौरान 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गांव की होनहार बेटियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव का कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत निसंकोच होकर दे सकता है तथा उस समस्या का प्रशासन द्वारा त्वरित आधार पर समाधान किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को जिला मुख्यालय एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही हर महीना जिला के किसी भी चयनित एक गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। इन दोनों कार्यक्रमों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे ऐसी समस्या जो अन्तर विभागीय स्तर की हैए उसका भी निपटान संभव हो जाता है।डीसी ने कहा कि सरकार व प्रशासन का दायित्व आमजन तक मूलभूत सुविधाएं और सेवाएं पहुंचाना है और इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास हो रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायतों का आह्वान किया कि वे भी अपने स्तर पर सरकारी योजनाओं की जानकारी रखे और इनका अधिकाधिक लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।





जींद। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में समस्याएं सुनते हुए डीसी डा. वैशाली शर्मा तथा डीसी के समक्ष समस्याएं रखते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### रात्रि ठहराव में मिली यह शिकायतें

गांव के कुलदीप ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से वे अभी तक वंचित हैं तथा उन्हें लाभ दिलवाया जाए। इस पर डीसी ने उनकी समस्या का समाधान करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसी तरह गुरबाग सिंह ने कहा कि उनकी प्रोपर्टी का इंतकाल नहीं होने से उसे ऋण लेने में समस्या आ रही है। इस पर डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा इंतकाल का समाधान करने के लिए इसे ऑनलाईन प्रक्रिया से जोड़ा है। अब मालिक को मैनुअल इंतकाल करवाने की आवश्यकता नहीं है। अब यह 10 से 15 दिन में स्वतः ही हो जाता है। गांव के वाल्मीकि समाज के ओम प्रकाश बिन्दर, राजू, गोराज ने गांव में वाल्मीकि चैपाल बनवाने की मांग रखी। डीसी ने वाल्मीकि समाज की चैपाल जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। इसी तरह कुलवंत कौर पत्नी करनैल ने गांव में वाटर सप्लाई का पानी शुद्ध नहीं होने की शिकायत की तथा इसके साथ ही गांव को जगमग योजना से जोडने की मांग रखी। इस पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को इसके समाधान के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य गांवों वासियों ने अपनी सार्वजनिक व निजी समस्या रखी, जिसका डीसी ने त्वरित समाधान के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि गांव रोढ़ में लगभग 100 से अधिक समस्याओं को सुना गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, सीटीएम मोनिका रानी, डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, तहसीलदार राजेश गर्ग, नायब तहसीलदार संजय पराशर, बीईओ सुरेश मलिक, सहायक कृषि अधिकारी सुशील कुमार, बीडीपीओ जयपाल, गांव की सरपंच परमजीत कौर सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।